केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/71 दिनांक: 25.04.2016

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00070
CICOM/R/2015/01047

अपीलकर्ता : श्री रविन्द्र कुमार,
143 अम्बेडकरनगर वाइपास रोड,
निकट – राठी मील,
गाजियाबाद ।

निर्णय की तारीख: 25.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 06.10.2015 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 04.12.2015 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री दिनेश कुमार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 06.11.2015 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 173228/09.11.2015 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 552/13.11.2015 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से दिनांक 10.08.2015 को दाखिल किए गए अपने द्वितीय अपील के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना मांगी थी । अपीलकर्ता ने अभियोग लगाया है कि उन्हें अभी तक सूचना प्रदान नहीं की गई है ।

2. **संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता ने दिनांक 10.08.2015 को अपीलकर्ता ने केन्द्रीय सूचना आयोग में एक द्वितीय अपील दाखिल किया था जिसपर की गई कार्रवाई के संदर्भ अपीकर्ता ने सूचना मांगी है । जिसके प्रतिउत्तर में श्री दिनेश कुमार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 04.12.2015 को पत्र सं. CIC/CPIO/CR/2015/587 द्वारा अपीलकर्ता को सूचित कर दिया गया है कि उनका द्वितीय अपील का आवेदन कुछ खामियों की वजह से उन्हें (अपीलकर्ता को) वापस कर दिया गया है, परन्तु अपीलकर्ता ने सूचना प्राप्ति से पूर्व ही प्रथम अपील दाखिल कर दी है । अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु प्रदान की गई सूचना की प्रतिलिपि संलग्न है ।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. अपीलकर्ता यदि प्रदान की सूचना से संतुष्ट न हों तो सूचना प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष पुन: प्रथम अपील दाखिल की जा सकती है ।

अधोहस्ताक्षरी (प्रथम अपीलीय अधिकारी) के पास कार्य की अधिकता एवं हिंदी टंकण जानने वाले कार्मिक की अनुपलब्धता के कारण अपील के निपटान में हुई देरी के लिए खेद है ।

**संलग्नक : यथोपरि ।**

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री दिनेश कुमार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सेन्ट्रल रजिस्टी, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
26 APR 2016
Initials........................

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
27 APR 2016
D. No..........................
Initials........................